## शहरी क्षेत्र में सक्रिय है चोर, व्यस्ततम क्षेत्रों में आये दिन चोरी हो रहे वाहन

# बदमाशों के निशाने पर दोपहिया वाहन, बढ़ती वारदातों से कटघरे में पुलिसिया सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी क्षेत्र में वाहन चोर गिरोह सक्रिय बना हुआ है। व्यस्ततम क्षेत्रों, कालोनियों एवं बाजार स्थलों में शातिर चोर मोटर साइकिलों को पार कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों में एक के बाद एक बाइके चोरी हो रही है। आये दिन हो रही वाहन चोरी की घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। चोर अब पुलिस गश्त को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान जिला अस्पताल परिसर और गोल बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से दो वाहन चोरी हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला अस्पताल परिसर से सामने आई है। ग्राम छहरी थाना माधवनगर निवासी 22 वर्षीय शिवा कोल अस्पताल परिसर में अपनी एक्टिवा स्कूटी खड़ी कर किसी काम से अंदर गया था। जब वह वापस लौटा, तो वाहन गायब था। अज्ञात चोर अस्पताल परिसर से स्कूटी क्रमांक MP 21 ZH 4668 पार कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर



कोतवाली पुलिस ने धारा 303(2) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया है।

दूसरी वारदात भी कोतवाली थाना क्षेत्र के अति व्यस्ततम क्षेत्र गोल बाजार में हुई। सत्यनारायण मंदिर क्षेत्र के रहने वाले 59 वर्षीय कंधीलाल कचेर अपनी मोटरसाइकिल गोल बाजार की सीढ़ियों के पास खड़ी कर बाजार गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने सूना पाकर मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 MG 4818 पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 27 माह बाद मामला दर्ज

माधवनगर गुलवारा बाईपास मैदा मिल के पास से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने करीब 27 महीने बाद अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार लालमाटी चांदमारी तलैया, जबलपुर निवासी 21 वर्षीय विवेक द्विवेदी पिता दीपक द्विवेदी की मोटरसाइकिल क्रमांक MP 20 ZA 0601 24-25 अप्रैल 2024 को गुलवारा बाईपास स्थित मैदा मिल के पास से चोरी हो गई थी। इस मामले में फरियादी की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने 19 जुलाई 26 को धारा 379 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### तीन दिन पहले कृष्णाधाम कालोनी से दो बाइक हुई थी पार

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व 17 जुलाई को माधवनगर थाना क्षेत्र के कृष्णाधाम कॉलोनी में एक ही रात में दो अलग-अलग घरों के सामने खड़ी मोटरसाइकिलों को बदमाशों ने पार कर दिया था। सुबह जब गृहस्वामियों को वाहन गायब मिले तब चोरी की इस वारदात का खुलासा हुआ। माधवनगर पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृष्णाधाम कॉलोनी के गेट नंबर 2 के पास रहने वाले सतेन्द्र कुमार परोहा ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि रोज की तरह उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल घर के पास लॉक करके खड़ी की थी। तड़के करीब 4:30 बजे अज्ञात चोरों ने सूना मौका पाकर उनकी मोटरसाइकिल पार कर दी। इसी कॉलोनी में रहने वाले रमाकान्त तिवारी 43 के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को भी चोरों ने अपना निशाना बनाया। सुबह करीब 7:00 बजे जब उन्होंने देखा तो वाहन मौके से नदारद था। अज्ञात चोरों ने लॉक तोड़कर मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया।

### चोर सक्रिय, पुलिस के हाथ खाली

शहर में सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त रखने जगह जगह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है लेकिन वाहन चोरों को पकड़ने में व्यवस्थाएं धरी की धरी नजर आ रही है। चोर वारदातों को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं जबकि पुलिस के हाथ खाली हैं।



# दो तस्करों के पास से ढाई किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

दोपहिया वाहन से गांजा की तस्करी करने वाले दो आरोपितों को ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ढीमरखेडा महिमा रघुवंशी के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में तस्कारों को गिरफतार कर न्यायालय पेश किया गया।

### पुलिस को देखकर भागने लगे तस्करों को दबोचा

पुलिस के अनुसार पुलिस ग्राम खमतरा बिचुआ मोड मेनरोड में दो व्यक्ति अपनी अपनी गाडी लेकर खडे दिखे जो पुलिस को पास आते आचनक भागने लगा जो उसके संदेहस्पद होने से स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकडा गया कर उससे उनका नाम पता पूछा जो अपना आरोपी मुकेश पिता पांडू बैगा 28 साल निवासी ग्राम ताला थाना चंदिया का होना बताया जिसके कब्जे से 1 किलो 240 ग्राम एक पल्सर मोटर सायकिल एंव प्रकाश राय पिता राजकुमार राय 21 साल निवासी ग्राम बडखेरा का होना बताया जिसके कब्जे से 1 किलो 327 ग्राम एक स्कूटी कुल मादक पदार्थ 2 किलो 567 ग्राम किमती 33000 रूपये एंव अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क 406/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस कार्यवाही मे विशेष भूमिका उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. महिमा रघुवंशी व थाना स्टॉफ शामिल रहा है

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में महिला की मौत, दो अन्य हुये घायल

**कटनी।** एन.के.जे. थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुहला में हुये हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गोपाल नगर की रहने वाली 45 वर्षीय हिमांशी परमानी अपने वाहन से जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक GJ 31 U 0245 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हिमांशी परमानी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह बरही थाना क्षेत्र में हुये दो अलग-अलग हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार हनुमान मंदिर मेन रोड इटौरा के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए इटौरा निवासी 25 वर्षीय सुमित तिवारी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुमित को गंभीर चोटें आई हैं। दूसरी घटना करौंदी कला पुलिया के पास मेन रोड पर हुई। यहाँ बोलेरो क्रमांक MP 21 ZC 5143 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए नयागांव लखेरा निवासी 44 वर्षीय अरविंद सोनी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। बरही पुलिस ने दोनों मामलों में धारा 281 और 125ए बी.एन.एस. के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### बाइक सवारों से चाकू की नोंक पर की गई लूटपाट

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत चाका रोड पर देर रात चाकू की नोक पर लूटपाट की एक वारदात हुई। बाइक सवार युवकों को घेरकर तीन बदमाशों ने चाकू अड़ा दिया और जान से मारने की धमकी देकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुडौर, थाना शाहनगर का रहने वाला 20 वर्षीय दुर्गेश चौधरी रविवार रात करीब 8 बजे अपने साथियों के साथ चाका रोड से गुजर रहा था तभी शिवम ढाबा से कुछ दूरी पहले घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। इससे पहले कि युवक कुछ समझ पाते, आरोपी आकाश कोल और उसके साथ मौजूद दो अन्य लड़कों ने पीड़ित पर चाकू अड़ा दिया। आरोपियों ने चाकू की नोंक पर युवकों को कब्जे में ले लिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने सरेराह युवकों के साथ लूटपाट की और मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद सहमे पीड़ित ने तत्काल कुठला थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर नामजद आरोपी आकाश कोल और उसके दो अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस हुलिए के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश के लिए प्रयास कर रही है।

### चाकूबाजी के छह बदमाशों को भेजा गया जेल



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पूर्व में चाकूबाजी की घटनाओं में शामिल रहे छह बदमाशों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आयुध अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक एवं आदतन अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कटनी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अवैध हथियार रखने वाले अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# विशेष कांबिंग गश्त में 97 वारंटियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कटनी पुलिस द्वारा विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिलेभर में एक साथ कार्रवाई की गई।



अभियान के दौरान पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 97 वारंटियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 17 स्थायी वारंटी और 49 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। इसके अलावा 31 जमानती वारंट एवं 15 समंस तामील किए गए।कांबिंग गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने 36 गुंडों, 32 निगरानी बदमाशों, 3 जिलाबदर अपराधियों तथा जेल से रिहा हुए आदतन अपराधियों की सघन जांच की। वहीं रात्रिकालीन गश्त के दौरान 54 मुसाफिरों का सत्यापन कर उनका विवरण रजिस्टर में दर्ज किया गया।

अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 15 प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही जुआ अधिनियम के अंतर्गत 2 प्रकरण तथा अवैध मादक पदार्थों के मामले में एक प्रकरण दर्ज किया गया।सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई।शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की, जबकि 52 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 126 एवं 135 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराध नियंत्रण, असामाजिक तत्वों पर निगरानी और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## सरकार की तानाशाही के विरोध में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



कचहरी चौराहे में नगर के विभिन्न जागरूक एवं समाजसेवी लोगों के द्वारा पेपर लीक एवं सरकार की तानाशाही के विरोध में छात्रों के समर्थन मे दिल्ली में किये जा रहे आंदोलन के समर्थन में कटनी में भी धरना देकर केंद्र सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की गई एवं राष्ट्रपति को ज्ञापन एसडीएम कटनी के माध्यम से दिया गया वर्तमान में देश की जो स्थिति है वह आम जनता के हित में नहीं दिख रही लगातार शिक्षा बद से बदतर हो रही है, शासकीय संस्थाओं को निजी हाथों में सोपा जा रहा है रोजगार के अवसर नौजवानों को मिल नहीं रहे केंद्र की सरकार हर स्थिति में असफल है जो आम जनता के हित में कुठाराघात कर रही है ऐसी स्थिति में केंद्र की सरकार को पद में बने रहने का अधिकार नहीं है इन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाए, और नए चुनाव कराए जाकर लोकतांत्रिक सरकार का गठन किया जाए साथ ही ईवीएम मशीन से चुनाव प्रतिबंधित किए जाएं। धरने में विन्देश्वरी पटेल सचिन शर्मा श्रावण सोनी रामलोचन तिवारी शिव प्रसाद पटेल सुशील पटेल लेखराज सिंह राजू राजा मनोज निगम रघुवीर प्रसाद श्रीकांत शर्मा ठाकुर हरबंस सिंह प्रभात पांडे सहित विभिन्न लोग सम्मिलित हुए।

# मवेशियों की वजह से न हो दुर्घटनाएं, पकड़कर गौशाला भेजने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर की सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम की हांका टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए 13 आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में अभियान के तहत रविवार को कुंदन दास स्कूल, शांति नगर, माधव नगर मुख्य मार्ग एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से 7 घुमंतू मवेशियों को पकड़ा गया। वही



सोमवार को नगर के शहरी क्षेत्र के वेंकट लाइब्रेरी मार्ग, जिला चिकित्सालय मार्ग, नगर निगम कार्यालय से थाना कोतवाली मार्ग सहित बरगवां मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर 6 घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्य समाचार लिखे जाने तक निरंतर जारी है।

निगम प्रशासन के निर्देशानुसार संचालित इस अभियान का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना, सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम करना तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निगम प्रशासन ने मवेशी पालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें तथा उन्हें निर्धारित स्थानों पर सुरक्षित रखें। अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने बताया कि नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि आवारा मवेशियों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

*पुलिस, जिला पंचायत एवं नगर निगम ने भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन*

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में कटनी प्रदेश के टॉप-10 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के समयबद्ध एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण में कटनी जिले ने एक बार फिर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। राज्य शासन द्वारा जून माह की जारी ग्रेडिंग में कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में छठवां स्थान प्राप्त करते हुए 83.51 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। इसके साथ ही कटनी प्रदेश के अग्रणी टॉप-10 जिलों में शामिल हो गया है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के नियमित अनुश्रवण, विभागवार समीक्षा एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर दिए जाने का सकारात्मक परिणाम जिले की इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है। जून माह के दौरान जिले में प्राप्त 10 हजार 265 शिकायतों के निराकरण में 49.47 वेटेज स्कोर प्राप्त करते हुए जिले ने कुल 83.51 वेटेज स्कोर अर्जित किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों की सतत समीक्षा एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के फलस्वरूप कटनी जिला पिछले लगभग 18 माह से लगातार प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपनी स्थान बनाए हुए है।

### जवाबदेही से करें कार्य

कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस उपलब्धि पर सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन और आमजन के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं गुणवत्ता बनाए रखते हुए नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान की जाए। शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण समाधान ही सुशासन एवं जनविश्वास की सबसे बड़ी कसौटी है।

### पुलिस,जिला पंचायत एवं ननि का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की विभागवार ग्रेडिंग में जिले के प्रमुख विभागों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए ग्रेड प्राप्त किया है। कटनी पुलिस ने जून माह में प्राप्त 977 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर 84.72 कुल वेटेज स्कोर के साथ अपने समूह में 11वां स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार जिला पंचायत कटनी ने 87.43 कुल वेटेज स्कोर के साथ अपने समूह में सातवां स्थान अर्जित करते हुए ए ग्रेड हासिल किया है।

वहीं नगर निगम कटनी ने जून माह में प्राप्त 789 शिकायतों का प्रभावी निराकरण कर 91.90 कुल वेटेज स्कोर के साथ अपने समूह में सातवां स्थान प्राप्त करते हुए ए ग्रेड अर्जित किया है।

## छात्रावास, आंगनवाड़ी, बालिकागृह का किया निरीक्षण

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नव निर्वाचित सदस्य अर्चना गुप्ता ने सोमवार को कटनी प्रवास के दौरान बच्चों के संरक्षण, सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, आदिम जाति कल्याण विभाग, बाल कल्याण समिति तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारियों की समीक्षा एवं समन्वय बैठक लेकर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति का आकलन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार ने जिले में बच्चों के हित में संचालित योजनाओं, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। आयोग सदस्य ने विभिन्न विभागों के समन्वय से बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया।

अर्चना गुप्ता ने बरगवां स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आवासीय व्यवस्थाओं को लेकर अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, पहाड़ी का निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही बालिकाओं को शिक्षा एवं करियर निर्माण के संबंध में प्रेरित किया।

आयोग सदस्य ने स्टेशन मोहल्ला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया तथा गुणवत्ता सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इसके पश्चात उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित शिशुगृह एवं बालिकागृह का निरीक्षण किया। यहां बच्चों की देखरेख, शिक्षा, सुविधाओं एवं उनके भविष्य की तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बालिकागृह में बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# रोजगार शिविर में 136 युवाओं ने कराया पंजीयन, साक्षात्कार में 85 का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन एवं जिला रोजगार कार्यालय, कटनी के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर रोजगार शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में बड़वारा विकासखंड में सोमवार को एसआईएस लिमिटेड, सिंगरौली द्वारा सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर, जीटीओ एवं सीटीआई सहित विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु रोजगार शिविर आयोजित किया गया।

जिला रोजगार अधिकारी सुषमा विश्वकर्मा नें बताया कि रोजगार शिविर में कुल 136 युवाओं ने पंजीयन कराया। जिसमे लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया के



उपरांत 85 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में रोजगार मिलने से उत्साह का माहौल देखा गया। रोजगार शिविर प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि शिविर के सफल आयोजन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम के सहयोग से अधिक से अधिक युवाओं तक रोजगार के अवसर पहुंचाने में सफलता मिली। जिला रोजगार अधिकारी विश्वकर्मा ने बताया कि जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे रोजगार शिविर निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इन रोजगार शिविरों में भाग लेकर उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाएं।

## खबर संक्षेप



### इस साल 58 फीसदी कम वर्षा की गई रिकॉर्ड

**कटनी।** जिले में 1 जून से 20 जुलाई तक कुल 254.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 606.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 770.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 478.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 254.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 353.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 148.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 168.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 198.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 259.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 478.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 173.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### एक ही मंच पर मिलेगा समस्याओं का समाधान

**कटनी।** आज मंगलवार को आयोजित की जाने वाली महापौर जनसुनवाई के क्रम में नागरिक की समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रख सकेंगे। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे, जिससे समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ हो सके। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को सरल, सुलभ एवं प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराना है। जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शाखाओं के अलग-अलग चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि एक ही स्थान पर संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में उनकी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा भी की जाती है, ताकि उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित हो सके। निगम प्रशासन नागरिकों की सुविधा एवं बेहतर सेवाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### तीन बस्तियों का किया गया नामकरण

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निगम परिषद की बैठक दिनांक 15 अप्रैल 2026 में पारित प्रस्ताव क्रमांक (6) के अनुसार नगर क्षेत्र की तीन बस्तियों के नामकरण संबंधी निर्णय को प्रभावी करते हुए आम सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12 स्थित अनुसूचित वर्ग की बस्ती का नाम ₹संत रविदास नगर₹ रखा गया है। इसी प्रकार रामनिवास सिंह वार्ड में स्वच्छता मित्रों की बाहुल्यता वाली बस्ती का नाम ₹महर्षि बाल्मीक नगर₹ तथा महात्मा गांधी वार्ड स्थित हरिजन बस्ती का नाम ₹महर्षि सुदर्शन नगर₹ निर्धारित किया गया है। नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा जारी आम सूचना में कहा गया है कि संबंधित बस्तियों को अब निगम परिषद द्वारा स्वीकृत नवीन नामों से ही जाना एवं संबोधित किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों एवं नागरिकों से नवीन नामों का उपयोग सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। उपायुक्त श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि यह नामकरण निगम परिषद के विधिवत पारित प्रस्ताव के अनुरूप किया गया है तथा इसे तत्काल प्रभाव से लागू माना जाए एवं संबोधन किया जाए।

### मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**कटनी।** बहोरीबंद थाना के ग्राम पटुरिया में मनीष कुमार लोधी ने 53 वर्षीय अंबिका प्रसाद लोधी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

## किसानों को खाद मिलने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए

# कलेक्टर की सख्ती: लापरवाही बरतने वालों को तत्काल पद से पृथक करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वें सभी एक सप्ताह के अंदर ईकेवायसी के कार्य में प्रगति लाते हुए उसे 95 फीसदी पूर्ण करें। बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री को बैठक में अनुपस्थित रहने पर गंभीरता से लेते हुए इनके विरुद्ध मेनेजिंग डायरेक्टर हाउसिंग बोर्ड को पत्र लिखन के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कों निर्देश दिए कि वें जुलाई महीने के अंत तक कक्षा -1 से कक्षा -12 तक 100 फीसदी नामांकन बढ़ाए। ताकि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाए।

बैठक में समय-सीमा पत्रों, समग्र ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए नगर निगम, एमएसएमई, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, राजस्व, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं कृषि विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। संबल योजना से संबंधित शिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु श्रम अधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया।

बैठक में मूंग एवं उड़द उपार्जन, खाद की उपलब्धता और वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए उप संचालक कृषि को निर्देश दिए कि जिले में किसी भी किसान कों खाद कि कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होने कहा कि किसानों कों खेती के लिए खाद तुरंत उपलब्ध होनी चाहिए। इस दौरान उन्होने एसडीएम कटनी श्री प्रमोद चतुर्वेदी कों निर्देश दिए कि वें उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मत्स्य विभाग के अधिकारी कों निर्देशित किया कि जिले में मछलीपालन कों बढ़ावा दे। इसके लिए उन्होने कहा कि जिले में केज कल्चर कों प्रोत्साहन देकर मछली पालन कों बढ़ावा दिया जा सकता है। केज कल्चर मछली पालन का एक आधुनिक तरीका है जिससे रोजगार के अपार साधन खुलेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी नें जनजातीय विभाग कि समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कों निर्देशित किए कि वें जनजातीय विभाग के साथ समन्वय कर योग्य व कर्मठ शिक्षकों कों छात्रावास अधीक्षक बनाये। ऐसे सभी अधीक्षक जो अपने कार्य में लापरवाही बरतते है उन पर सख्त कार्यवाही करके उन्हें अधीक्षक के पद से तुरंत हटाए। बच्चों की शिक्षा हम सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए जिसके लिए हम सभी कों मिलकर कार्य करना होगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विकासखंडों में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच एएनसी पंजीयन को तीव्रता के साथ बढ़ाने के निर्देश दिए। गंभीर एनीमिया के मामलों में 100 प्रतिशत प्रबंधन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरुस्ती जैसे राजस्व प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही खदान, उद्योग एवं निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों का प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# सारंगपुर-झकाझोर-संगमा मार्ग की हालत खस्ताहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



सारंगपुर से झकाझोर और संगमा गांव को जोड़ने वाला मार्ग बारिश के मौसम में एक बार फिर ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनने जा रहा है। सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कई स्थानों पर बड़े गड्ढे एवं कटाव होने से आवागमन जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के चार महीनों तक उन्हें कठिन परिस्थितियों में सफर करना पड़ता है, लेकिन अब तक सड़क का निर्माण या स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई।

ग्रामीणों के अनुसार झकाझोर, रिछाईघाट और संगमा से सारंगपुर तक लगभग चार से पांच किलोमीटर का मार्ग पूरी तरह जर्जर है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाता है। कई जगह सड़क बह जाने से लोगों को खेतों की मेड़ों तथा पुल-पुलियों के सहारे आवाजाही करनी पड़ती है। ऐसे में मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को अस्पताल पहुंचाने में सबसे अधिक परेशानी होती है। कई बार एम्बुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती।

स्थानीय नागरिक शीतल शुक्ला, चमनलाल, राहुल शुक्ला, महिपाल सिंह, सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण की मांग कई वर्षों से की जा रही है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार आवेदन भी दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क नहीं बनने से गांव तक चारपहिया वाहन पहुंचने में भी दिक्कत होती है।बारिश के मौसम में सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ती है।

झकाझोर और संगमा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजाना जोखिम उठाकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। कई स्थानों पर पुल-पुलिया नहीं होने और सड़क टूट जाने के कारण बच्चों को पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।

# नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सायनी द राइडर पहुंचे कटनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



"नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान के तहत केरल से बाइक पर पूरे भारत में नशे के विरुद्ध जनजागरण कर रहीं सायनी द राइडर सोमवार को कटनी पहुँचीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा (भा.पु.से.) ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने सायनी के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का उनका प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी है। ऐसे अभियान नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस दौरान सायनी ने युवाओं और आमजन को अनोखे अंदाज में नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जैसे बाइक का एक्सीलरेटर बढ़ाने पर उसकी रफ्तार तेज हो जाती है, उसी प्रकार नशा व्यक्ति के शरीर और मस्तिष्क पर अनियंत्रित प्रभाव डालता है। वहीं, जिस तरह वाहन को सुरक्षित चलाने के लिए ब्रेक जरूरी होता है, उसी तरह जीवन में संयम और विवेक आवश्यक है। नशा व्यक्ति से उसका संतुलन, नियंत्रण और सोचने-समझने की क्षमता छीन लेता है और अंततः उसका जीवन विनाश की ओर ले जाता है।

पुलिस का "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान लगातार जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और समाज को नशामुक्त भारत का संदेश दे रहा है।

### माधवनगर में दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र में दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार पहले पक्ष की ओर से रॉबर्ट लाइन निवासी 35 वर्षीय दीपक चांदवानी की शिकायत पर पुलिस ने दीपक भोजवानी और उसके 3 अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपियों ने घर के सामने स्थित मंदिर के पास रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। दूसरा पक्ष की ओर से हॉस्पिटल लाइन निवासी 41 वर्षीय दीपक भोजवानी पिता हरीश कुमार भोजवानी ने भी काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि रॉबर्ट लाइन में उनकी बेकरी दुकान के बाजू में दीपक चांदवानी और राजू ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह झिंझरी चौकी के प्रधान आरक्षक गौरव सेन ड्यूटी पर थे तभी भनपुरा नंबर 02 स्थित फैक्ट्री के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने उनके साथ गाली-गुप्तार करते हुए मारपीट कर दी।

## नलों में नहीं आ रहा पानी, पेयजल के लिये भटकाव



बारिश का मौसम शुरू होने के बावजूद उमरियापान में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। नगर के कई वार्डों में दो से तीन दिन बीत जाने के बाद भी नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे लोगों को पीने के पानी सहित घरेलू उपयोग के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार हाल ही में समर्शियल पंप खराब हो जाने के कारण कई क्षेत्रों में दो से तीन दिन तक जलापूर्ति पूरी तरह प्रभावित रही। इस दौरान लोगों को पानी के लिए दूसरे स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ा। हालांकि पंप सुधार के बाद भी नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों की परेशानी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उमरियापान में नल-जल योजना की आपूर्ति अक्सर बाधित हो जाती है। आए दिन नलों से पानी नहीं आने के कारण लोगों को पीने और घरेलू जरूरतों के लिए पानी जुटाने में मशक्कत करनी पड़ती है। कई परिवार निजी बोरवेल, कुओं और हैंडपंपों से पानी लाने को मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को उठानी पड़ रही है। उन्हें बर्तन लेकर दूर-दूर तक पानी भरने जाना पड़ता है।

# पेपर लीक के खिलाफ एवं सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




आम आदमी पार्टी द्वारा देश के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद सोनम वांगचुक के लोकतांत्रिक संघर्ष के समर्थन तथा पेपर लीक प्रकरण में जवाबदेही तय करने एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आज एक शांतिपूर्ण विरोध मार्च आयोजित किया गया। यह मार्च रेलवे स्टेशन चौराहा, कटनी से प्रारंभ होकर अहिंसा चौक तक निकाला गया। मार्च में पार्टी ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की मांग उठाई।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि, ₹देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य बार-बार होने वाले पेपर लीक से बर्बाद हो रहा है। जब एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद सोनम वांगचुक युवाओं के हित में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रख रहे हैं, तब उनकी आवाज़ को दबाने के बजाय सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होना आवश्यक है और पेपर लीक जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

विरोध मार्च के दौरान प्रदेश कमेटी सदस्य शिवप्रताप सिंह परमार जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर, उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, युवा विंग जिलाध्यक्ष अंकित खटीक, प्रवक्ता संतोष सिंह, सहसचिव रामसिया गुप्ता ,करण दहिया, अंकित खरे आदि शामिल रहे।

## कलेक्टर की पहल से हर साल होगी करोड़ों रूपये की बिजली बचत

# पीएम सूर्य घर योजना से जगमगायंगे के कटनी के 14 सरकारी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बिजली पर निर्भरता कम करने और ग्रीन एनर्जी कों बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय और एसपी कार्यालय, अस्पतालों व कॉलेजों सहित चुनिंदा 14 सरकारी दफ़्तरो व भवनों पर पीएम सूर्य योजना के तहत सोलर रूफटाप संयंत्र लगाए जाएँगे। कलेक्टर श्री तिवारी ने विभागों के अधिकारियों,म.प्र. ऊर्जा विकास निगम और कार्यदायी संस्था डेवलपर के बीच त्रिपक्षीय अनुबंध सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। इन सोलर संयंत्रो के लगने के बाद शासकीय कार्यालय सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगायेंगे और इन कार्यालयों के बिजली बिलों में 50 फीसदी से अधिक की कमी आएगी।

### ये 14 कार्यालय सौर ऊर्जा से होंगे रोशन

कलेक्ट्रेट कार्यालय में 25 किलोवाट क्षमता का संयंत्र, जिला पंचायत में 15 किलोवाट, एसपी ऑफिस में 27 किलोवाट, पुलिस कण्ट्रोल रूम में 46 किलोवाट, शासकीय कन्या महाविद्यालय में 20 किलोवाट, शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज में 18 किलोवाट, विद्युतयांत्रिकी कार्यालय में 15 किलोवाट, जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में 69 किलोवाट एवं शासकीय महाविद्यालय बरही में 20 किलोवाट और प्राथमिक स्वास्थ केंद्र कन्हवारा में 25 किलोवाट, शासकीय अस्पताल बरही में 56 किलोवाट, शासकीय अस्पताल विजयराघवगढ में 70 किलोवाट और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में 100 किलोवाट क्षमता के सोलर पेनल संयंत्र लगाए जायेंगे।

म.प्र. ऊर्जा विकास निगम के अधिकारी ने बताया कि जिले के 14 सरकारी भवनों में कुल 531 किलो वाट सौर ऊर्जा क्षमता वाले सोलर पेनल लगाये जायेंगे। जिनसे करीब 7.75 लाख यूनिट प्रतिवर्ष का बिजली का उत्पादन होगा और प्रति यूनिट 4 रूपये 49 पैसे की बचत दर पर यह अनुमानित वार्षिक बचत 34 लाख 80 हजार रूपये की हो जाएगी। सौर ऊर्जा लगने के बाद इन सभी 14 विभागों की बचत सीधे विभागों के बिजली बिलो के बोझ को कम करेगी और अगले 25 वर्षों में इन सभी 14 विभागों के बिजली खर्च में करीब 9 करोड़ रूपये की रिकॉर्ड बचत होगी।

सेवा प्रदाता डेवलपर के प्रतिनिधी प्रिंस केसरवानी ने बताया कि सौर ऊर्जा के सरकारी कार्यालयों के उपयोग से प्रति यूनिट संबंधित विभाग कों 4 रूपये 49 पैसे प्रति यूनिट की बचत होगी। विभागों के मुताबिक 100 किलोवाट सोलर ऊर्जा की साइट क्षमता पर औसत उत्पादन 12 हजार यूनिट प्रति माह होगा। जिससे ग्रिड खर्च 8 रूपये 50 पैसे प्रति यूनिट और रेस्को मॉडल पर खर्च 4 रूपये 1 पैसे प्रति यूनिट के मान से करीब 53 हजार 800 रूपये की मासिक बचत होगी जो करीब 6 लाख 46 हजार 560 रूपये की वार्षिक बचत कहलाएगी।

सरकारी कार्यालयों की छतो पर रेस्को मोड पर रूफ टॉप सोलर पैनल लगाया जाएगा।

## सुरम्य पार्क भ्रमण से नागरिकों को मिला प्रेरणा का संदेश

# स्वस्थ जीवनशैली के लिये स्वच्छता को आदत बनाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत विभिन्न जन जागरूकता गतिविधयों का आयोजन किया जाकर अभियान को जन-आंदोलन के रूप में बढ़ानें के प्रयास किये जा रहे है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में निरंतर जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता को दैनिक आदत बनाकर स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

निगम प्रशासन के मार्गदर्शन में आईईसी टीम द्वारा अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रीमती नीलम जगबानी ने नागरिकों से सीधा संवाद कर नागरिकों से स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, घर एवं आसपास नियमित साफ-सफाई अपनाने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। ब्रांड एंबेसडर ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम का काम नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अभियान के तहत आचार्य विनोवा भावे वार्ड बड़ी खिरहनी एवं छोटी खिरहनी में शीला स्व-सहायता समूह एवं सरस्वती स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ विशेष स्वच्छता संवाद आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए घर, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं से अपील की गई कि वे स्वच्छता की अलख जगाकर जनभागीदारी के माध्यम से अभियान को सफल बनाएं।

बी.डी.अग्रवाल वार्ड के सुभाष चौक में सफाई मित्रों की विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्य शाला में स्वच्छता मित्रों को सफाई कार्य के दौरान पी.पी.ई किट का अनिवार्य उपयोग करने, कचरा उठाव एवं निपटान के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके, ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियां एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की जानकारी दी जाकर बताया गया इन सावधानियों को अपनाने से सफाई मित्रों की सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ ही सफाई कार्य की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

# गंदगी फैलाने एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर जुर्माना कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न वार्डों में जन जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों, दुकानदारों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को खुले में कचरा नहीं फेंकने, अमानक पॉलीथिन का उपयोग नहीं करना तथा निर्धारित डोर-टू-डोर कचरा वाहनों में ही कचरा देने के लिए प्रेरित कर रही है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने एवं खुले में कचरा फेंकने वालों को समझाइश के बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों पर नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा स्पॉट फाइन लगाया जा रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि विगत दिवस स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संत कवरराम वार्ड के माधव नगर बाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने वाले 10 व्यक्तियों, प्रतिष्ठान संचालकों पर दो - दो रुपये के मान से कुल दो हजार रुपये का स्पॉट फाइन किया गया। वहीं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर एक प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, कचरा निर्धारित वाहनों में ही दें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने से बचें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

खबर संक्षेप

## गुनौर के संदीपनी विद्यालय में थाना प्रभारी बलवीर सिंह की अगुवाई में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

**गुनौर।** क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने और युवा पीढ़ी को एक उज्ज्वल तथा नशामुक्त भविष्य देने के उद्देश्य से संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुनौर में एक विशाल श्नशा मुक्ति अभियानश का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी बलवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस प्रभावी कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और नशा छोड़कर एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ दिलाई गई।

**पुलिस प्रशासन और शिक्षाविदों का संयुक्त प्रयास-** कार्यक्रम में थाना प्रभारी बलवीर सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को दीमक की तरह चाट जाता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं को किसी भी प्रकार के व्यसन से दूर रखें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति सचेत करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों ने भी अपने सारगर्भित विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य प्रभु दयाल मिश्रारू उन्होंने युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में मोड़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो समाज से नशे जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त कर सकती है। डॉ. दुर्गा त्रिपाठी ने स्वास्थ्य दृष्टिकोण से नशे के खतरनाक परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार शुरुआत में शौक के रूप में लिया गया नशा जीवन भर की असाध्य बीमारियों का कारण बन जाता है। नम्रता मैडमरू उन्होंने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक ताने-बाने पर नशे के पड़ने वाले असर को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी गलत आदत से बचा जा सकता है।

## संदीपनी विद्यालय पवई में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा पर हो रहे अनेक कार्यक्रम

**पवई।** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत पाँचवें दिन, दिनांक 20 जुलाई 2026 को संदीपनी विद्यालय पवई में संस्कृत श्लोक, भजन एवं गुरु वंदना का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न संस्कृत श्लोकों का सस्वर पाठ किया तथा गुरु महिमा पर आधारित भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रमेश प्रसाद शास्त्री रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता के.एल. उपाध्याय जी ने की।मुख्य अतिथि रमेश शास्त्री जी ने भारतीय संस्कृति में देव भाषा संस्कृत का महत्व बताते हुए हमारे संस्कारों और शास्त्रों, वेदों, पुराणों में संस्कृत भाषा में लिखे गये भारतीय ज्ञान दर्शन है।

बारिश की सौगातः टाइगर रिजर्व के जंगलों में निकला बहुमूल्य जंगली मशरूम, बाजार में भारी मांग

# प्रकृति का अनमोल उपहारः अभ्यारण्य के जंगलों में जंगली मशरूम की बहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





प्रकृति मानव जीवन के लिए अनमोल उपहारों का अथाह भंडार है। आवश्यकता केवल इन प्राकृतिक संसाधनों को पहचानने, संरक्षित करने और संतुलित रूप से उपयोग करने की है। रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत अभयारण्य की सर्रा रेंज के जंगल इन दिनों प्राकृतिक रूप से उगने वाले जंगली मशरूम की भरपूर उपलब्धता के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वर्षा ऋतु की शुरुआत के साथ लगभग एक माह तक जंगलों में जंगली मशरूम प्रचुर मात्रा में निकलते हैं।

स्थानीय जानकारों के अनुसार यह विशेष रूप से उन स्थानों पर पाया जाता है, जहां सांप की बामियों (बिलों) के आसपास दीमक के जीवित टीले एवं पर्याप्त नमी मौजूद होती है। ऐसे नम वातावरण में मशरूम तेजी से विकसित होता है और अच्छी गुणवत्ता का मिलता है। अच्छी वर्षा तथा रात्रि में बादलों की गड़गड़ाहट के बाद अगले दिन सुबह इसके मिलने की संभावना सबसे अधिक रहती है।

जंगली मशरूम स्वादिष्ट होने के साथ-साथ अत्यंत पौष्टिक भी होता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन एवं अनेक आवश्यक खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यही कारण है कि इसे ₹सब्जियों का मांस₹ भी कहा जाता है। ग्रामीण एवं वनवासी समुदाय वर्षों से इसे प्राकृतिक और पौष्टिक खाद्य पदार्थ के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं। स्थानीय मानसीग यादव के अनुसार जंगली मशरूम को सुबह लगभग 8 बजे से पहले ही एकत्र कर लेना चाहिए। इसके बाद इसे अच्छी तरह साफ कर उबालकर या हल्का तलकर सुरक्षित रखा जा सकता है। यदि समय पर इसका उपयोग न किया जाए तो कुछ ही घंटों में यह फूलकर अपनी गुणवत्ता खो देता है और खाने योग्य नहीं रहता। जंगल से उखाड़कर रखने पर भी इसका आकार बढ़ने लगता है, इसलिए समय पर इसका संरक्षण आवश्यक होता है।

पोषण के साथ-साथ जंगली मशरूम आर्थिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। वर्तमान में स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत लगभग 700 से 800 रुपये प्रति किलोग्राम तक मिलती है। सीमित समय के लिए उपलब्ध होने और स्वाद एवं गुणवत्ता के कारण इसकी मांग काफी अधिक रहती है। इससे ग्रामीणों को अतिरिक्त आय अर्जित करने का भी अवसर मिलता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि जंगली मशरूम का संग्रह एवं सेवन पूरी सावधानी के साथ ही किया जाना चाहिए। केवल पहचान वाले एवं सुरक्षित मशरूम का ही उपयोग करें, क्योंकि सभी जंगली मशरूम खाने योग्य नहीं होते। साथ ही, जंगल की जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए सीमित एवं जिम्मेदारीपूर्ण संग्रह करना आवश्यक है।

नगर पालिका का धरपकड़ अभियान फेल

# हटा में ऐसी कोई सड़क नहीं, जहां पर मवेशियों का आतंक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर पालिका का मवेशी धरपकड़ अभियान फेल हो गया है। बारिश शुरू होते ही मवेशी सड़कों पर आ गए हैं। शहर की ऐसी कोई सड़क और गली नहीं है, जहां पर मवेशीराज नहीं चल रहा है। नगर पालिका का अमले ने विगत महिनों जितने मवेशी पकड़े है, उससे ज्यादा मवेशी सड़कों पर घूमते नजर आते हैं। शहर की गली-गली में भी मवेशियों का आतंक छाया हुआ है। सड़कों पर मवेशीराज के चलते दुर्घटना की संख्या भी बढ़ गई है, जिसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था भी वेबस है। बारिश के मौसम में खुले मैदान, खेत, खलिहानों में सहित अन्य स्थानों पर पानी भर

गया है। सूखी जगह की तलाश में मवेशी अब सड़कों पर आ गए हैं। मुख्य सड़क से लेकर शहर के गली कूचों में इन मवेशियों का जमावड़ा लगा हुआ है। स्थिति इतनी खराब है कि सड़क पर चलना दूभर हो गया है। रात में तो खतरा और भी बढ़ जाता है। लड़ते- झगड़ते मवेशी वाहन चालकों को नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादातर मवेशी सड़क के बीचोंबीच ही बैठ जाते हैं। कार या अन्य वाहन की लाइट में कई बार ये मवेशी नजर नहीं आते हैं और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। नगर में सबसे ज्यादा परेशानी बड़ा बाजार से बजरिया मार्ग पर बस स्टैंड एवं नगर की हर गली में सांडों की संख्या सबसे ज्यादा दिखाई दे रही है जिससे दोपहिया वाहनों व स्कूल जाने वाले बच्चों को खतरा बना रहता है। कुछ गौसेवकों ने मवेशियों को रिफ्लेक्टर पट्टी पहनाई है, इस बाद भी बड़ी संख्या में मवेशी है।आवारा मवेशियों से सिर्फ राहगीर ही नहीं बल्कि किसान भी काफी परेशान हैं। नगर पालिका द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान फ्लाप होने के कारण मवेशी किसानों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। गांव में तो मवेशियों से फसल को बचाना किसानों के लिए एक चुनौती बन गई है।

## युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रिन्टिस मेला का आयोजन 28 जुलाई को

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशो के तहत 28 जुलाई दिन मंगलवार को शासकीय पॉलीटेक्निक/क महाविद्यालय जबलपुर रोड दमोह ने निशुल्क निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियो द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु एवं स्वरोजगार की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश से प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रिन्टिस मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे संभावित कम्पनीयो के प्रतिनिधियो द्वारा रोजगार के अवसर / स्वरोजगार योजनाओ कि जानकारी प्रदान कराई जायेगी। कम्पनियो द्वारा विभिन्न पदो पर सीधी भर्ती की जावेगी। जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वी 12वी स्नातक एवं आईटीआई कोई भी ट्रेड से उत्तीण डिप्लोवमा एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष हो वे अपने समस्त प्रमाण पत्रो बायोडाटा एवं समग्र आई.डी के साथ उपस्थित होकर लाभ ले सकते है।

## श्रीमद्भागवत कथा में गूंजा श्रीकृष्ण चरित्र का गुणगान

**दमोह।** धरमपुरा वार्ड में आयोजित श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत 20 जुलाई 2026, सोमवार को कथा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा के इस विशेष दिवस पर कंस वध एवं भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरणादायी वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथावाचक श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने अपने मधुर एवं ओजस्वी वचनों में बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कंस जैसे अत्याचारी का अंत कर भगवान श्रीकृष्ण ने यह संदेश दिया कि अन्याय और अत्याचार का अंत निश्चित है। कंस वध के प्रसंग का जीवंत वर्णन सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसके पश्चात रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत सुंदर चित्रण किया गया। कथावाचक ने रुक्मिणी जी की अटूट श्रद्धा, प्रेम और समर्पण की भावना का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति में अपार शक्ति होती है, जो भगवान को भी अपने भक्त की ओर आकर्षित कर लेती है। श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मिणी हरण और विवाह का प्रसंग सुनाते समय श्रद्धालु भावनाओं में डूब गए। कथा के दौरान भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों ने माहौल को और भी अधिक भक्तिमय बना दिया। मुख्य श्रोता श्रीमती लक्ष्मीबाई नन्ने भाई बरदिया सहित महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स का पुलिस ने किया सम्मान




**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दमोह में जिले एवं आसपास के क्षेत्र के उन सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने दमोह पुलिस के विभिन्न जनजागरूकता अभियानों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि ने सभी इंफ्लूएंसर्स को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया जनसंपर्क एवं जनजागरूकता का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। यदि इसका सकारात्मक उपयोग किया जाए, तो समाज तक जनहितकारी संदेशों को शीघ्रता एवं व्यापक रूप से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स से भविष्य में भी दमोह पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति, यातायात सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी अभियानों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी इंफ्लूएंसर्स ने भी समाजहित एवं जनजागरूकता से जुड़े अभियानों में दमोह पुलिस के साथ निरंतर सहयोग करने का संकल्प व्यक्त किया।

## 258 पंजीयन, दिव्यांगों-वरिष्ठजनों को मिले सहायक उपकरण



दमोह। जनपद पंचायत जबेरा के मंगल भवन सभागार में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण, प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रूपेश सेन, रानू नामदेव, जनपद सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल एवं नायब तहसीलदार राजेश साहू ने मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। शिविर के दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रवीण कुमार फुलपगारे ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर इसे जनहितकारी पहल बताया। शिविर में अलग-अलग पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण काउंटरों पर विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई। कुल 258 पंजीयन हुए, जिनमें से 205 दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एडिप योजना अंतर्गत 74 दिव्यांग एवं वायोश्री योजना में 37 वरिष्ठ नागरिक पात्र चिन्हित किए गए। सहायक उपकरणों में 10 कृत्रिम हाथ एवं 12 कैलिपर सहित कुल 23 उपकरण वितरित किए गए। मेडिकल बोर्ड द्वारा 24 नए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि 20 प्रमाण पत्रों का अद्यतन किया गया। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमराज सिंह, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी भरत नेमा, सहायक लेखाधिकारी किशोरीलाल सेन, प्रभारी लिपिक मनीष पटेल सहित एलिम्को टीम, मेडिकल बोर्ड एवं ग्राम पंचायतों के कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे हितग्राहियों ने लाभ उठाया और प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के कमजोर वर्गों के लिए सहारा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

## हिन्दी लेखिका संघ की पावन गोष्ठी संपन्न




**दमोह।** सरस्वती कन्या विद्यालय के सभागार में संगीता पान्डे के मुख्यातिथ्य, कुसुम खरे श्रुति एवं डॉ प्रेमलता नीलम के विशिष्टातिथ्य तथा पुष्पा चिले की अध्यक्षता में हिन्दी लेखिका संघ की पावस गोष्ठी संपन्न हुई। यह कार्यक्रम पद्मा तिवारी के सौजन्य से आयोजित किया गया। सरस्वती वंदना एवं कार्यक्रम का सफल संचालन पद्मा तिवारी ने किया। आभार मधुलता पाराशर ने व्यक्त किया। पावस की फुहारों से सराबोर काव्य रस धारा में सभी बहनें भीगतीं रहीं। पुष्पा चिले ने कहा हरी चुनरिया ओढ़कर, धरती बांधे आस, बरसो बदरा बावरे, मिटे हृदय की प्यास। डॉ प्रेमलता नीलम ने पढ़ा आगये आषाढ़ के कजरारे बादल, झमा झम गिरता पानी तलातल। कुसुम खरे श्रुति मन बिजुरी सम दमक दामिनी, ठुमक ठुमक नयनों से यामनी। संगीता पान्डे गरजन बरसन लागे बदरवा, गुंइयां सैंया गये परदेशवा। पद्मा तिवारी हरी हरी सब डालियां हैं, पड गये हिंडोला सुन्दर। अर्चना राय पेड़ लगाना सरल है, पेड़ के साथ फोटो खिंचवाना और भी सरल है। संगीता पाराशर नीले नीले अम्बर पे काली घटा छाई है। करुणा खरे-पहली बारिश सोंधी गंध, मन खिल गया जैसे मकरंद। लता गुरू बारिश की बूंदें सावन में, उम्मीद भरे हर उपवन में। उमा नामदेव प्रकृति की गोद में नयी कोंपलें हरषाई, सुहानी पावस ऋतु आई।

मधुलता पाराशर जब शहर गांव जलने लगे और झुलसने लगीं बस्तियां,तब धरा ने खिली धूप से बादलों को लिखीं पातियां। कमलेश शुक्ला आया जब वर्षा का मौसम, मन मयूर करने लगा है नर्तन। शिवकुमारी शिवहरे धरती हरी भरी रहती बरसात में, मिलती रहती बारिश सदा सौगात में। वसुन्धरा तिवारी घनघोर घटा बरसी चम चम चमक उठी दामिनी। डॉ रेवा चौधरी ऐसी वर्षा बरसे हर मन का अंधकार मिटे, भूखा न कोई सोये जग में,हर आंगन में दीप जले।

# बकायन में गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह 29 एवं 30 जुलाई को

### देश के सुविख्याात कलाकार देंगे गायन-वादन एवं नृत्यु प्रस्तुगतियां

**दमोह।** उस्ताुद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यतप्रदेश शासन, संस्कृ ति विभाग द्वारा जिला प्रशासन -दमोह एवं उत्थावन साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृयतिक संस्था ग्राम- बकायन, जिला- दमोह के सहयोग से 132 वाँ मृदंगाचार्य पण्डित नाना साहेब पानसे स्मृति गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह का आयोजन 29 एवं 30 जुलाई, 2026 को ग्राम बकायन, जिला दमोह में किया जा रहा है। दो दिवसीय इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश के सुविख्याात कलाकारों द्वारा शास्त्रीदय संगीत एवं नृत्यग की प्रस्तु तियां होंगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्कर होगा। अकादमी के निदेशक श्री प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि पण्डित नाना साहेब पानसे जैसे महान संगीतज्ञ को आदरांजलि अर्पित करने एवं भारतीय संस्कृ ति व परम्पपरा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्यश से कार्यक्रम अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। उन्हों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 29 जुलाई, 2026 को सायं 7 बजे से होगा। शुभारम्भर के अवसर पर राज्यशमंत्री (स्वमतंत्र प्रभार) संस्कृहति, पर्यटन, धार्मिक न्याजस एवं धर्मस्वर श्री धर्मेन्द्रज सिंह लोधी मुख्यर अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यधक्षता राज्यामंत्री (स्वातंत्र प्रभार) आनन्द विभाग लखन पटेल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्टक अतिथि सांसद- दमोह राहुल सिंह लोधी, अध्यनक्ष - पिछड़ा वर्ग राज्यी कल्याण आयोग रामकृष्णभ कुसमरिया, विधायक - दमोह जयंत मलैया, विधायक- हटा श्रीमती उमा देवी खटीक एवं अध्यरक्ष- जिला पंचायत दमोह श्रीमती रंजीता गौरव पटेल होंगी। अकादमी के उप-निदेशक शेखर करहाड़कर ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत 29 जुलाई, 2026 को प्रातःकालीन सभा में प्रातः 10 बजे सर्वप्रथम सुश्री हृदयांशी केतकर, ग्वानलियर का कथक नृत्ये होगा। इसके बाद विदुषी श्रृद्धा जैन, भोपाल का गायन एवं अंत में चक्रधर नृत्यो केन्द्र , भोपाल द्वारा कथक नृत्यस की प्रस्तुति दी जायेगी। सायंकालीन सभा में सायं 7 बजे से शुभारंभ पश्चा त विदुषी शिल्पाव मसूरकर, इंदौर का गायन, सुश्री ओइंड्रिला रॉय मल्लिक का भरतनाट्यम, पंडित राम-गांधार देशपाण्डेय का युगल गायन, सुश्री निधि प्रभु, मुम्बेई का कथक एवं श्री बिपुल कुमार राय, दिल्ली का संतूर वादन होगा। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस 30 जुलाई, 2026 को सुश्री वर्षा मिश्रा, प्रयागराज का कथक समूह नृत्य , पंडित रघुनंदन पणशीकर, पुणे का गायन, सुश्री देविका मंगलामुखी, दिल्लीत का कथक, विदुषी कनकश्री भट्ट, इंदौर का गायन एवं अंत में सुश्री मीरा वैष्णकव, छत्तीसगढ़ का जलतरंग वादन होगा। सभी संगीत प्रस्तुणतियों में तबले पर रामेन्द्रल सिंह सोलंकी, संजय राठौर, अशेष उपाध्याकय, मनोज पाटीदार एवं शाहरुख खान संगत करेंगे। हारमोनियम संगत पर दीपक खसरावल, माजिद लतीफ, रविन्द्र किलेदार एवं सारंगी पर फारुख लतीफ खाँ संगत करेंगे।

## असाटी समाज महिला समिति ने विद्यालय परिसर में 40 पौधे रोपे



दमोह। असाटी समाज महिला समिति दमोह के द्वारा रविवार को वर्षा ऋतु के आगमन पर वृक्षारोपण महाकुंभ का आयोजन शहर स्थित ई.एफ.ए. जे.पी.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रार्थना वंदन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डी.के. मिश्रा,शरद मिश्रा, डॉ.आलोक सोनवलकर व एस.के. असाटी की विशेष उपस्थिति रही। दमोह महिला समिति द्वारा अतिथियों को सुंदर उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में असाटी समाज के छोटे-छोटे बच्चे और बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और सभी महिलाओं को एकजुट करने वाली श्रीमती शैलजा असाटी राष्ट्रीय महिला महामंत्री द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को सुंदर उपहार देकर कृतज्ञता ज्ञापित की गई।इस दौरान विद्यालय परिसर में लगभग 40 पौधों का रोपण किया गया। इनमें आम, आंवला, नीम, जामुन, अशोक, बेलपत्री, शमी, कदम, तुलसी, अमरूद, विद्या और घर की शोभा बढ़ाने वाले सुंदर पौधे शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय द्वारा उपस्थित सभी असाटी समाज की बहनों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। पूरा कार्यक्रम अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# तेंदूखेड़ा में हर गली में डर का पहरा, आवारा कुत्तों और बंदरिया से लोग परेशान

तेंदूखेड़ा। नगर में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक और वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 में लाल मुँह की बंदरिया के हमलों से नागरिकों का जीवन भय के साए में गुजर रहा है। हाल ही में वृंदावन विश्वकर्मा की रैबीज संक्रमण के कारण हुई मृत्यु के बाद नगर में इस गंभीर समस्या को लेकर जनाक्रोश बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं सामने आ सकती हैं। नगरवासियों के अनुसार तेंदूखेड़ा की लगभग हर गली और मोहल्ले में आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते हैं। विशेष रूप से सुबह और रात के समय ये राहगीरों का पीछा करते हैं, भौंकते हैं और कई बार हमला भी कर देते हैं। मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले नागरिकों का कहना है कि अब सुरक्षा के लिए हाथ में डंडा रखना उनकी मजबूरी बन गई है। स्थानीय नागरिक प्रेमचंद, कमल, रत्नेश और जितेंद्र ने बताया कि यदि हाथ में डंडा न हो तो कुत्तों के हमले का खतरा बना रहता है। इधर वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 में लाल मुँह की एक बंदरिया का आतंक भी लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह बंदरिया अब तक 100 से अधिक लोगों को काट चुकी है। सबसे अधिक बच्चे इसके हमलों का शिकार हुए हैं। पिछले सप्ताह भी इस बंदरिया ने एक बच्चे और एक महिला को काटकर घायल कर दिया। वार्डवासियों का कहना है कि बंदरिया के अचानक हमले के डर से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे घरों से निकलने में भी घबराने लगे हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक इसे पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद में स्थायी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नहीं होने के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। आवारा कुत्तों की रोकथाम, नसबंदी, टीकाकरण, पकड़ने एवं पुनर्वास के साथ-साथ बंदरिया को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने जैसी कार्रवाई भी प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों और बंदरिया के आतंक से लोगों को राहत दिलाने के लिए तत्काल विशेष अभियान चलाया जाए तथा नगर परिषद में शीघ्र स्थायी सीएमओ की नियुक्ति की जाए। उनका कहना है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर त्वरित और स्थायी कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि तेंदूखेड़ा के नागरिक भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण में अपना दैनिक जीवन जी सकें।

## किसान संघ की बैठक में गूंजा किसानों के हक का स्वर

**बनवार।** जिले की तहसील जबेरा के ग्राम सिमरी जालम सिंह में भारतीय किसान संघ की बैठक एक मजबूत संदेश के साथ संपन्न हुई, जहां किसानों की एकजुटता और अधिकारों की आवाज बुलंद होती नजर आई। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित इस बैठक में प्रांतीय महामंत्री प्रहलाद पटेल, जिलाध्यक्ष श्रीराम पटेल और जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में प्रांतीय महामंत्री प्रहलाद पटेल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान जब तक संगठित नहीं होंगे, तब तक उनकी समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों की ताकत पदाधिकारियों में नहीं, बल्कि हर किसान में है और एकजुटता ही सरकार को झुकाने की असली शक्ति है। उन्होंने ग्राम समितियों को मजबूत करने और सदस्यता अभियान को तेज करने पर जोर दिया। जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह राजपूत ने किसानों की समस्याओं को सामने रखते हुए बताया कि राजस्व, सिंचाई, कृषि, पशुपालन और सहकारी विभागों में किसानों की सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे वे लगातार परेशान हो रहे हैं। उन्होंने जनसुनवाई व्यवस्था को भी प्रभावहीन बताते हुए सरकार से सुधार की मांग की। जिलाध्यक्ष श्रीराम पटेल ने कहा कि हर किसान अपने आप में नेता है, लेकिन उसे अपनी ताकत पहचानने की जरूरत है। वहीं जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव ने संगठन की विचारधारा और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इसे किसानों का सशक्त मंच बताया। बैठक में तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, तहसील मंत्री निजाम सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनीष सिंघई, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह राजपूत, प्रचार प्रमुख प्रवीण दुबे सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। सभी किसानों ने मिलकर इस वर्ष 5000 सदस्य बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह ने किया और अंत में निजाम सिंह ने आभार व्यक्त किया।



### कनौरा कला के आदिवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# वन विभाग के अन्याय, अत्याचार रोकने एवं वन पत्र देने की पुरजोर मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



जन संगठन एकता परिषद के बैनर तले बटियागढ़ ब्लॉक के ग्राम कनौरा कला के वन विभाग के अन्याय, अत्याचार, तानाशाही एवं अवैधानिक कदाचार से पीड़ित दर्जनों आदिवासियों महिला-पुरुष ने बरसते हुए पानी में पैदल चलकर एवं जिला कलेक्ट्रेट पहुँच कर कलेक्टर प्रताप नारायण सिंह यादव को अपना ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर के माध्यम से सौंपा।

इस सम्बंध में एकता परिषद के जिला समन्वयक सुजात खान, शिवलाल आदिवासी, बलराम पटेल, मोहन सिंह आदिवासी, रामकली बाई आदिवासी, रेखा रानी, कौशल बाई, प्रेम लाल, गोवर्धन, ज्ञानी सिंह, तुलसा रानी, बाबू आदिवासी आदि ने बताया कि जिला शासन-प्रशासन एवं जनजातीय विभाग दमोह के द्वारा वन अधिकार कानून के लम्बित दावों के निराकरण को लेकर लगातार जानबूझकर बरती जा रही लापरवाही एवं 22 दिसम्बर 2025 की जिला समन्वय बैठक मे लिये गये निर्णयों पर समय सीमा मे आज तक कोई कार्रवाही नहीं की जा रही है। जिस कारण से बरसों से वन भूमि पर काबिज बटियागढ़ ब्लॉक के कनौरा कला के पात्र आदिवासियों को उनकी जमीनों से वन विभाग द्वारा अवैधानिक तरीके से जबरन बेदखल कर खदेड़ा जा रहा है। वन विभाग की टीम ने विगत 19 जुलाई 2026 को मनमानी एवं तानाशाही पूर्ण अवैधानिक कार्यवाही कर आदिवासियों की खेतों में बनी हुई लगभग 26 झोंपड़ियाँ बरबाद कर दी।

झोपड़ियों मे रखी राशन-पानी एवं कृषि सम्बन्धी सामान जबरन लूट कर ले गये। झोपड़ियों मे मौजूद असहाय, भोले-भाले आदिवासी महिला- पुरूषों एवं बच्चों के साथ हथियारों से सुसज्जित वन कर्मियों ने अपनी बर्दियों एवं प्राप्त पावर का भरपूर खौफ दिखाकर जबरदस्त गुण्डा गर्दी की। एवं अभद्र भाषा का प्रयास कर गाली गुफ्तार कर मारपीट कर निहत्थे आदिवासियों को उनकी वर्षों से काबिज कृषि भूमि से विस्थापित कर दिया। आज ये पीड़ित परिवार दरदर की ठोकर खाने मजबूर हो गये हैं। म. प्र.एकता परिषद के जिलाध्यक्ष सुजात खान ने बताया कि जिले में वन विभाग, पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन प्रबंधन एवं नौरादेही अभ्यारण प्रबंधन के द्वारा आदिवासियों एवं वन्य निवासियों के साथ लगातार इसी तरीके से अवैधानिक एवं अनैतिक व्यवहार करते हुये उनको उनकी वर्षों से काबिज खेती की जमीनों से बेदखल पर उन्हें भूमिहीन, बेकार एवं सम्मानहीन बनाया जा रहा है। उन्हें भंयकर भय, भूख, बेकारी, गरीबी, पलायन एवं अराजकता के दलदल मे तथा कथित विकास के नाम पर ढकेला जा रहा है। इन सभी कार्यवाहियों से पूरे जिले में विशेष कर आदिवासियों में भारी आक्रोश एवं भविष्य को लेकर व्याप्त है । एकता परिषद ने कनोरा कला के आदिवासियों के अलावा दमोह जिले के सभी गरीब, आदिवासियों के लम्बित दावों का निराकरण करने, त्रुटि पूर्ण दावों में सुधार करने, आदिवासियों एवं वन्य निवासियों की भू राजस्व की जमीन के पटटे देने एवं आये दिन अवैधानिक तरीके से की जा रही बेदखली की गुण्डागर्दी पूर्ण कार्यवाहियों को तत्काल रोकने की मांग की है।

साथ ही कलेक्टर से वनाधिकार कानून, भू-राजस्व कानून, विस्थापन एवं वंचितों के आजीविका के मुददों के स्थायी एवं शांति पूर्ण समाधान के लिए जिला स्तर पर शीघ्र जिला समन्वयं बैठक रखने की पुरजोर मांग की है।

# दमोह से तेन्दूखेड़ा जा रही बस सड़क छोड़ खाई में घुसी




**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को नोहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर अभाना की टेक पर सोमवार सुबह 10 बजे शिव शक्ति कंपनी की यात्री बस अनियंत्रित होकर खाई में जा घुसी लेकिन समय रहते ड्राइवर ने ब्रेक लगा लिया जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हो पाया और किसी यात्री को भी चोट नहीं आ पाई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी लगते ही नोहटा थाना प्रभारअभिषेक पटेल मौके पर पहुंचे और चालक व यात्रियों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद दूसरी बस के माध्यम से यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार शिव शक्ति कंपनी की यात्री बस जो दमोह से तेन्दूखेड़ा होते हुए तारादेही प्रतिदिन जाती है। सोमवार सुबह भी बस दमोह से तारादेही जा रही थी। तभी अभाना की टेक के समीप बस के आगे चल रही एक बोलेरो के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। बस के चालक ने बस को बाई और मोड़ दिया और बस अनियंत्रित होकर खाई में घुस गई। समय पर बस चालक ने ब्रेक लगा लिए जिससे कोई बड़ी घटना नहीं हो पाई। इसके बाद बोलेरो चालक मौके से भाग गया। बस में सवार यात्री राघवेंद्र, रामशंकर, वृंदावन ने बताया कि बस में करीब 35 यात्री सवार थे। उन्हें कुछ समझ ही नहीं आया जैसे ही बस खाई की ओर मुड़ी तो वह घबरा गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। तभी आगे जाकर बस के चालक ने ब्रेक लगाया और जानकारी लेने पर पता चला कि बस की आगे चल रही एक बोलेरो की चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए थे। जिसे बचाने के प्रयास में बस को मोड़ना पड़ा और बस खाई में घुस गई। बस चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई।

नोहटा पुलिस भी मौके पर पहुंची बस को बाहर निकलने का प्रयास किया, लेकिन कीचड़ में बस के फंसे होने के कारण वह स्टार्ट नहीं हो सकी। इसके बाद दूसरी बस के माध्यम से यात्रियों को तारादेही की ओर रवाना किया गया बस 11 बजे तेन्दूखेड़ा पहुंचती है और 11-30 बजे तारादेही जहां से फिर वापस दोपहर 2 तेंदूखेड़ा से दमोह के लिए जाती है

## खेत में करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत, बिजली की लीड टूटकर गिरी

**तेजगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम समदई में खेत पर फसल देखने गए एक युवक की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान धनीराम यादव (35), पिता हल्ले भाई यादव, निवासी समदई के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार धनीराम यादव अपने खेत में फसल देखने गए थे। इसी दौरान पास स्थित बिजली के खंभे से अचानक सर्विस वायर (लीड) टूटकर उनके ऊपर गिर गई। हाई-वोल्टेज करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर अचेत हो गए। परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल जिला अस्पताल दमोह लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए क्षेत्र के जर्जर बिजली तारों और खंभों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

## भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रव्यापी आंदोलन का ऐलान

**दमोह।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ द्वारा डाक विभाग की अस्मिता की रक्षा और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए एक व्यापक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया गया है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश परिमंडल के सभी डाक संभागों और रेल डाक सेवा कार्यालयों में भी इस आंदोलन को पूर्ण शक्ति के साथ लागू करने का निर्णय लिया गया है। विभाग को बर्बादी से बचाने, विदेशी कंपनी मैकेन्जी के इशोर पर किए जा रहे निजीकरण के प्रयासों का पुरजोर विरोध करने तथा टारगेट के नाम पर कर्मचारियों पर बनाए जा रहे अनुचित मानसिक दबाव के खिलाफ महासंघ पूरी तरह लामबंद हो चुका है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थिति यह हो चुकी है कि ग्रामीण डाक सेवकों जीडीएस और विभागीय कर्मचारियों को अपने वेतन के पैसे से खाते खुलवाकर टारगेट पूरे करने पड़ रहे है, जो कि पूरी तरह से कर्मचारियों का आर्थिक और मानसिक शोषण है। महासंघ के केन्द्रीय नेतृत्व में आह्वान पर मध्यप्रदेश परिमंडल मे इस राष्ट्रव्यापी संघर्ष को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, जिसकी रूपरेखा निम्ननुसार निर्धारित की गई है। ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, सचिव संजीव तिवारी, कोषाध्यक्ष अमित नामदेव और बड़ी संख्या में डाक कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों ने दी 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**दमोह।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री से पूर्व में आश्वासन मिलने और 8 जुलाई को जिलास्तरीय ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।संघ के अनुसार 15 से 17 जुलाई तक तीन दिवसीय सांकेतिक सामूहिक अवकाश के बाद भी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जा रहा है।पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करना, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करना, लंबित मानदेयों का भुगतान तथा संघ पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध स्थानांतरण निरस्त करना शामिल हैं।संघ ने आंदोलन का कार्यक्रम भी घोषित किया है। इसके तहत 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर कार्य, 24 से 27 जुलाई तक शासकीय व्हाट्सएप एवं अन्य समूहों का बहिष्कार, 28 जुलाई से 2 अगस्त तक सभी ऑनलाइन कार्यो का बहिष्कार तथा 3 अगस्त से मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि आंदोलन के दौरान यदि किसी भी तहसील में पटवारियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई की गई तो आंदोलन तत्काल अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा। संघ ने कहा कि ऐसी स्थिति में किसानों और आमजन को होने वाली असुविधा की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत एमएलबी स्कूल में जनसंवाद आयोजित



**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत सोमवार को कोतवाली पुलिस ने शहर के एमएलबी स्कूल में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम ने स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करना अभियान का मुख्य उद्देश्य है, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके।

## भगवान श्री नेमिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढाया



**हटा।** जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्षकल्याणक महोत्सव नगर के चारों जैन मंदिरों में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। रिमझिम वारिस के साथ ही सुबह से मंदिरों में भक्तों का आना प्रारंभ हो गया था। मंगलाष्टक उपरांत समस्त जैन प्रतिमाओं को प्रक्षालन हुआ, तदुपरांत श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा एवं पूजन हुई, भक्तों के द्वारा निर्वाण लाडू चढाया गया। मुख्य समारोह श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर परिसर में हुआ, जहां भगवान नेमिनाथ वेदी पर विशाल प्रतिमा का महा मस्तकाभिषेक हुआ। सभी भक्तों ने पीताम्बर वस्त्र धारण करके भजनों की सुमधुर ध्वनि के साथ भगवान नेमिनाथ का अभिषेक किया । पंडित अभिषेक डुमडुम जैन ने बताया कि पूर्वजों के बताये अनुसार यह प्रतिमा तीन सौ साल से भी ज्यादा पुरानी है, यह हटा क्षेत्र के ही गैर मुर्रा के नीले पत्थर से बनाई गई है, जो अतिशयकारी भी है। पंडित सोनू प्रवीण जैन ने बताया कि भगवान नेमिनाथ का विवाह जब राजुल के साथ हो रहा था तो उन्होने देखा कि बारात के लिए कई मूक पशुओं को मारा जाना था। जिन्हें देख वहीं से उन्हे वैराग्य के भाव जाग्रत हो गये और गिरनार पर्वतमाला पर जाकर तप त्याग, तपस्या प्रारंभ कर दी एवं गिरनार पर्वत से ही उन्हे मोक्ष हुआ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों की उपस्थित रही।

## मादा तेंदुआ तीन शावकों के साथ कैमरे में कैद

### तारादेही वन परिक्षेत्र की दरौली बीट के प्लांटेशन में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



तेंदूखेड़ा उप वनमंडल के अंतर्गत आने वाले तारादेही वन परिक्षेत्र की दरौली बीट के प्लांटेशन में, एवं उसके आसपास एक मादा तेंदुआ अपने तीन शावकों के साथ ट्रैक कैमरे में कैद हुई है। कैमरे में चारों को वन क्षेत्र में स्वाभाविक रूप से विचरण करते हुए देखा गया है। इस घटना के बाद वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों एवं वन क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। वन विभाग के अनुसार दरौली प्लांटेशन एवं आसपास का क्षेत्र वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास एवं विचरण क्षेत्र है। यहां तेंदुए की मौजूदगी कोई नई बात नहीं है। पूर्व में भी इस वन परिक्षेत्र में कई बार तेंदुए के दिखाई देने की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें एक अवसर पर तेंदुआ पेड़ पर बैठा हुआ भी देखा गया था। ऐसे में वन विभाग का कहना है कि यह वन्यजीवों का स्वाभाविक रहवास क्षेत्र है और लोगों को हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए। ट्रैक कैमरे में मादा तेंदुआ अपने तीन शावकों के साथ स्वस्थ एवं सामान्य स्थिति में दिखाई दी है। वन विभाग लगातार कैमरों एवं गश्ती दलों के माध्यम से क्षेत्र की निगरानी कर रहा है, ताकि वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और किसी भी संभावित स्थिति में समय पर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी सामने आने के बाद आसपास के ग्रामीणों में कुछ हद तक दहशत का माहौल है। विशेष रूप से वन मार्गों से आवागमन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों में चिंता देखी जा रही है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि सतर्कता और सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वन क्षेत्र से गुजरते समय सजग रहें, अकेले सुनसान मार्गों पर अनावश्यक रूप से न रुकें। दरौली बीट में पदस्थ वनरक्षक संतोष प्रजापति द्वारा अपनी पदस्थापना के बाद से ही यहां पर सक्रिय हैं और दरौली बीट में पेड़ों की कटाई बंद होना और निगरानी व्यवस्था मजबूत है साथ ही पूरा क्षेत्र घने जंगल में घिरा हुआ है वनरक्षक द्वारा हर दिन बीट के अंदर भ्रमण कर जंगल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है साथ ही पेड़ों की प्रति लोगों को जागरूक भी करते हुए देखा जाता है

### इनका कहना है

वन परिक्षेत्र अधिकारी तारादेही देवेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि दरौली प्लांटेशन के आसपास एक मादा तेंदुआ अपने तीन शावकों के साथ विचरण कर रही है। उसे 15 जुलाई से ट्रैक कमरे में लगातार देखा जा रहा है उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र वन्यजीवों का प्राकृतिक विचरण क्षेत्र है, इसलिए लोगों को अनावश्यक रूप से वन क्षेत्र में प्रवेश करने से बचना चाहिए तथा विशेष रूप से सुबह-शाम के समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। उसके पास जाने या उसे परेशान करने का प्रयास न करें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

# दमोह नगर में हुई पूज्य आर्यिका संघ की मंगल अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर जी मे इस वर्ष आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका रत्न चिंतन मति माताजी का संघ सहित चातुर्मास होने जा रहा है। पवई से कुंडलपुर होते हुए पूज्य माताजी के पद विहार करते हुए दमोह नगर में भव्य मंगल प्रवेश पर सकल जैन समाज के द्वारा भव्य मंगल आगवानी की गई। दमोह नगर के धरमपुरा नाके पर सोमवार सुबह भक्ति मय उल्लास के साथ बरसते पानी में सकल जैन समाज के द्वारा पूज्य आर्यिका रत्न चिंतन मति माता जी की धूमधाम के साथ अगवानी करते हुए नगर प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर विशाल शोभा यात्रा जुलूस के साथ माताजी की अगवानी हेतु बालिका महिला मंडलों के साथ युवा वर्ग में उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। बैंड बाजा ढोल नगाड़ों की धुन पर आचार्य श्री के चित्र से सुशोभित अश्व रथ सबसे आगे चल रहा था। इसके पीछे धर्म ध्वजा लिए युवा वर्ग तथा वरिष्ठ जन चल रहे थे। इसके पीछे महिला मंडल और बालिका मंडल माताजी के कदम से कदम मिलाकर अहिंसा परमो धर्म तथा आचार्य श्री के जयकारे लगाते हुए चल रहा था। विशाल धर्म शोभायात्रा धर्मपुरा नाके से बडापुरा गढ़ी मोहल्ला पुराना थाना टॉकीज तिराहा सर्राफा घंटाघर होते हुए नया बाजार पलंदी मंदिर धगट चैराहा जैन धर्मशाला चैधरी मंदिर होते हुए नन्हे मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह रंगोली सजाकर आरती उतार कर माता जी की अगवानी कर सभी ने आशीर्वाद लिया। नगर के विभिन्न जैन मंदिरों के महिला और बालिका मंडल मंगल कलश लेकर भजन आदि के साथ अति उत्साह के साथ अगवानी में शामिल हुए। वही नवकार आदर्श महिला मंडल नन्हे मंदिर श्री दिगंबर जैन चैधरी मंदिर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर शिवनगर कॉलोनी महिला मंडल प्रतिभा मंडल मंदिर नसिया मंदिर की महिला मंडल टंडन बगीचा महिला मंडल आदि अन्य सभी महिला मंडलों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अगवानी को सफल एवं ऐतिहासिक बनाया गया। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से अरविंद इटोरिया, पदम जैन खली, महेश दिगंबर, मनोज जैन मीनू, नवीन निराला, राजकुमार रानू ,सौरभ लहरी, शैलेंद्र मयूर, शैलेंद्र बजाज, चक्रेश सराफ, जितेंद्र जीतू, पंकज मुंशी, जीतू मलैया, संजय सराफ, अमरदीप लालू, राजेश हिनोती, मनीष बजाज, आनंद लैब, राजेंद्र लाट साब, रानू मंगलम, विनय भैया, आयुष जैन सहित बड़ी संख्या में युवाओं तथा वरिष्ठ जनों की मौजूदगी रही।

भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक मनाया आर्यिका संघ ने दिगंबर जैन नन्हे मंदिर में मंगल प्रवेश के साथ सर्वप्रथम मूलनायक भगवान पारसनाथ और उनके विशाल समोशरण के दर्शन किए। तत्पश्चात माताजी के मुखारविंद से शांति धारा संपन्न हुई। शांति धारा का सौभाग्य महेश दिगंबर, राजेंद्र अटल एवं नवीन निराला परिवार को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य संजय अहिंसा चक्रेश सराफ परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाते हुए निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। इस अवसर पर माता जी के मंगल प्रवचनों का लाभ भी सभी को प्राप्त हुआ। प्रथम दिवस पूज्य चिंतामणि माता जी का पड़गहन करके आहार कराने का सौभाग्य बड़कुल परिवार को प्राप्त हुआ। मंगलवार को जैन समाज का प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचकर पूज्य आचार्य समय सागर जी महाराज को श्रीफल भेंट करके माताजी के मंगल चातुर्मास हेतु स्वीकृति प्रदान करने निवेदन करेगा।

## ऑटो चालक की सीने में दर्द से मौत

**तेंदूखेड़ा।** बस स्टैंड के पास सोमवार को एक ऑटो चालक को सीने मै दर्द हुआ आनन फानन मै उसे स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां आक्सीजन लगाया गया लेकिन उसकी हृदय गति रुकने से मौत हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों में घटना को लेकर शोक है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कैलाश कोल पिता सुनमुन उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कंतोरा, तहसील पाटन, जिला जबलपुर के रूप में हुई है। कैलाश पेशे से ऑटो चालक था। सोमवार को कैलाश अपना ऑटो लेकर वह ग्राम रोंझा (कँतोरा )से सवारी लेकर ग्राम देवरी निजाम तेंदूखेड़ा छोड़ने जा रहा था। इसके पहले नगर के बस स्टैंड के पास स्थित होटल मैं चाय पीने होटल के सामने रुकने वाला ही था इसी दौरान उसे अचानक सीने में तेज दर्द और पसीना आने लगा। दर्द बढ़ता देख सूझबूझ दिखाते हुए कैलाश ने ऑटो को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच आसपास के लोगों और सवारियों ने उसे तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे ऑक्सीजन लगाकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं वीरेन्द्र गुप्ता आयु 42 वर्ष, पिता श्री गौरी शंकर गुप्ता, निवासी–स्टेशन रोड, चर्च गेट के सामने, सिविल वार्ड 08, दमोह खास, तहसील व जिला दमोह म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं–यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। यह कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक– P 1842039 में त्रुटिवश मेरे पिता GOURI SHANKAR GUPTA एवं मेरी पत्नि SHARIL GUPTA की गलत स्पेलिंग दर्ज हो गई हैं। यह कि मेरे पिता गौरी शंकर गुप्ता के नाम की सही स्पेलिंग GAURI SHANKAR GUPTA एवं मेरी पत्नि शोरिल गुप्ता के नाम की सही स्पेलिंग SHORIL GUPTA हैं जो कि मेरे आधार कार्ड एवं समस्त वैद्य दस्तावेजों में दर्ज है। यह कि मैं अपने पिता गौरी शंकर गुप्ता के नाम की सही स्पेलिंग GAURI SHANKAR GUPTA एवं मेरी पत्नि शोरिल गुप्ता के नाम की सहीं स्पेलिंग SHORIL GUPTA पासपोर्ट में दर्ज करवाना चाहता हूं उक्त वास्ते में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। **शपथकर्ता**

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh**

**Presiding Officer : सुश्री स्नेहा सिंह**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000008/2026)

बानो बी.............................. आवेदक Vs

आम जनता.........................अनावेदक

Process Id- /2026

प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 10/08/2026

(1) आम जनता पता- दमोह जिला दमोह म.प्र.

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बानो बी पता ने मृतक अफसाना बी पुत्री मुराद खान निवासी फुटेरा मुहल्ला वार्ड नंबर 03 दमोह म.प्र. की खाता क्रमांक 63022325108 में 262099/- दो लाख बासठ हजार निन्यानवे रुपए, राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 August 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 August 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 13 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

सील

**सुश्री स्नेहा सिंह**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।